OFFICE OF THE DIR (Plg.)
MPR/TC, D.D.A. N. DELHI-2
Dy.No. 1476
Dated 22/11/11

सेवा में,

दिनांक - 19/11/2011

निदेशक (योजना)
मुख्य योजना समीक्षा अनुभाग,
योजना विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण
विकास मीनार, आइ पी एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

Same as 1437/780

सुझाव का विषय:- 80 मीटर चौड़ी सड़क जो बेगमपुर, रोहिणी, प्रताप विहार, निठारी, किराडी, प्रेम नगर, आनंद नगर, गौरव नगर, गौरी शंकर एंक्लेव, जानकी विहार, इन्द्र एंक्लेव, राजधानी पार्क से NH-10 (रोहतक रोड) तक प्रस्तावित है.

मान्यवर,

निवेदन यह है कि दिनांक 04-10-2011 को अख़बार में प्रकाशित सूचना (जिसमे MPD-2011 के सन्दर्भ में सुझाव आमंत्रित किये गये हैं) के तहत अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ.

रोहिणी सेक्टर 24 के बाद NH-10 के लिए जो संभावित रूट माना जा रहा है, वह प्रताप विहार, किराडी, प्रेम नगर. राजधानी पार्क (अनुमानित है) यहाँ गत सप्ताह पीले रंग से लगभग 80 मीटर चौड़े निशान भी लगा दिए गए हैं. यह क्षेत्र 95% आबादी वाला क्षेत्र है. यदि यहाँ से रोड निकला तो लाखों लोग बेघर हो जायेगें. (आबादी का सत्यापन google map से किया जा सकता है)

इन कालोनीयों की आबादी लाखों में हैं. और मकानों की तादाद हजारों में है. आपकी इस योजना से सब परिवार उजड़ जायेगें. लोगों ने अपना पेट काट-काट कर अपना आशियाना बनाया है. आपके विभाग के लोगों ने आखें मूंद कर बगैर सोचे विचारे इस योजना को तैयार किया है. योजना बनाते समय इस बात का भी ख्याल नहीं रखा की लाखों बेघर लोग कहाँ रहेंगे.

(1) इस सड़क को यदि रोहिणी सेक्टर 22 से सुल्तानपुरी रोड जो स्वतः लगभग 200 फुट चौड़ा है और NH-10 से मिला है, मैं मिला दिया जाये तो आबादी का नुकसान 5% से भी कम होगा.

(2) यदि इस सड़क को कराला से होते हुए रानी खेडा वाले 100 मीटर चौड़े रोड में मिला दिया जाये तो नुकसान की दर और भी कम होगी.

(3) यदि यह भी संभव नहीं है तो तीसरा विकल्प यह है कि हमारी कालोनी के बीचों बीच से सुखी नहर निकलती है. इस नहर का सर्वे करवाकर इस पर रोड बनाया जा सकता है. यह नहर पूरी तरह से सुख चुकी है तथा इसका इस्तेमाल कच्ची सड़क के रूप में किया जा रहा है. आप इसे अपने मास्टर प्लान में ले सकते हैं.

धन्यवाद

नवीन कुमार
F1/14 राजधानी पार्क मुण्डका
नांगलोई दिल्ली 41

23/11/11
DD/MPR
23/11/11
ADC(M)